हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 15 जनवरी, 2024

**स्टेडियम कमेटी कस्टेडियम कमेटी की बैठक में उठी थी मांग कलेक्टर अग्रवाल ने की पहल**

# पांच साल बाद लौटी दिग्विजय स्टेडियम की चमक

हरिभूमि न्यूज : राजनांदगांव

प्रदेश में भाजपा की सरकार के आसीन होने के बाद राजनांदगांव शहर के कायाकल्प को लेकर पहल शुरू हो गयी है। प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्देश के बाद प्रशासनिक अफसरों ने अब दिग्विजय स्टेडियम के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम शुरू कर दिया है। यहीं कारण है कि पिछले पांच सालों से अंधेरे में डूबे रहे दिग्विजय स्टेडियम परिसर में अब रौशनी बिखरना शुरू हो गयी है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश के बाद पीडब्लूडी महकमे ने पिछले तीन चार दिनों के भीतर वहां लाईटों को सुधारकर उसे पुनः शुरू कर दिया है। भाजपा की सरकार के दौरान राजनांदगांव में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं नांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह ने दिग्विजय स्टेडियम का पुनर्निर्माण कराया था। इस स्टेडियम में चारो ओर विशेष लाईटिंग भी की गई थी। राज्य में कांग्रेस की सरकार के आसीन होने के बाद से स्टेडियम परिसर की लाईटों को बंद कर दिया गया था। पांच सालों के भीतर स्टेडियम में लगी कई लाईटे, तार और जनरेटर के कई पाट्‌र्स भी चोरी हो गए थे। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद आहूत स्टेडियम कमेटी की बैठक में यह मामला जोर-शोर के साथ उठा। जिसके बाद विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने भी प्रशासन को तत्काल इस दिशा में कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने पीडब्लूडी महकमे को स्टेडियम की रौशनी पुनः बहाल करने का आदेश दिया। जिसके बाद महकमे ने तीन चार दिनों के भीतर ही स्टेडियम की लाइटिंग को फिर से शुरू कर दिया है।

### राष्ट्रीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

दिग्विजय स्टेडियम परिसर में अब राष्ट्रीय कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। आगामी 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस समारोह और 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में ही किया जाएगा। इसके अलावा 22 जनवरी को स्टेडियम में पांच लाख दीपोत्सव का भी आयोजन किया गया है।







### देखने पहुंच रहे शहरवासी

दिग्विजय स्टेडियम परिसर में लगी लाईटिंग के पुनः शुरू होने के बाद शहरवासियो की भीड़ कैंपस में उमड़ रही है। लोग यहां पहुंचकर मोबाईल में रिल और फोटो खींच रहे है। स्टेडियम परिसर के जगमगाने से खिलाड़ियो में भी अच्छा खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

---

## पंचायतों में समय पर ऑडिट नहीं, ठेकेदारों की मनमानी

# पंचायतों में घटिया निर्माण और सप्लाई को नांदगांव जनपद की खुली छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सत्ता सरकार बदलने के बाद भी राजनांदगांव जनपद पंचायत की कार्यप्रणाली में कोई बदलाव नहीं आया है। अभी भी वहां पर पुराने ढर्रे पर जमकर भर्राशाही चल रही है। जनपद पंचायत के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों में ठेकेदारों की मनमानी और घटिया निर्माण कार्य चल रहा है। ग्राम पंचायतों के कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने वाले जनपद के अधिकारी महज खानापूर्ति करने में लगे हुए है। पंचायतों पर निर्धारित समय पर ऑडिट नहीं होने से सरकारी फंड का जमकर दुरूपयोग हो रहा है।

उल्लेखनीय है की अभी हाल में विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व सीएम डॉ.रमन सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेकर साफ शब्दों में चेतावनी दी थी की निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी अपने काम का तरीका बदलकर गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य करवाएं और विकास को प्राथमिकता दें। श्री सिंह के चेतावनी के बाद भी नांदगांव जनपद पंचायत की कार्यप्रणाली में जरा भी बदलाव नहीं आया है।

यहां अभी भी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जनपद के अधीन आने वाली कई ग्राम पंचायतों में अभी भी घटिया मटेरियल की सप्लाई के साथ निर्माण कार्यों में कोताही बरती जा रही है। बताया जाता है की अधिकांश ग्राम पंचायतों में जनपद पंचायत के अधिकारियों के कुछ गिने चुने चहेते ठेकेदारों को ही निर्माण सहित अन्य कामों का जिम्मा दिया जा रहा है। कई पंचायतों में घटिया निर्माण कार्य व घटिया मटेरियल को लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति भी जताई है। इसके बावजूद जनपद के अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल कर इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। इससे ग्रामीणों में जमकर आक्रोश व्याप्त है और इसकी शिकायत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से लेकर कलेक्टर तक करने की तैयारी की है।

## भर्राशाही पर अंकुश नहीं, ग्रामीणों में आक्रोश




### कई जगहों पर अधूरे काम

पंचायतों अंतर्गत निर्माण कार्य लेने वाले कुछ ठेकेदारों द्वारा अधूरा निर्माण कार्य कर काम को पूर्ण नहीं किया गया है। सीसी रोड़, सामुदायिक भवन सहित अन्य भवन के कार्य कई पंचायतों में अधूरे है और ठेकेदार जनपद से साठगांठ कर पूरी राशि का आहरण कर चुके है। इसकी सही तरीके से जांच की जाय तो कई लोगों के खिलाफ कारवाई निश्चित है।

### फर्जी बिल और फर्म की आड़ में सप्लाई

नांदगांव जनपद अंतर्गत आने वाली अधिकांश ग्राम पंचायतों में फर्जी बिल और फर्म की आड़ में लाखों रुपए के मटेरियल की सप्लाई की गई है। इस मामले की बारीकी से जांच की जाय तो कई खुलासे होंगे, जो चौकाने वाले होंगे। अधिकारियों की इसकी पूरी जानकारी है, इसके बावजूद करवाई नहीं की जा रही है।

### जनपद पंचायत का संरक्षण

पंचायतों में होने वाले घटिया निर्माण व मटेरियल सप्लाई की पूरी जानकारी जनपद के जिम्मेदार अफसरों को है। ऐसे काम करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करना छोड़ उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। पंचायत इंस्पेक्टर और इंजीनियर से साठगांठ कर ठेकेदार खुलेआम ऐसे घटिया कामों को अंजाम दे रहे है।

---

# नोटिस के बाद भी ठेकेदार ने नहीं किया डामरीकरण, अब आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विधानसभा चुनाव के पहले शहर में किए गए सड़क डामरीकरण के काम में नगर निगम द्वारा गुणवत्ता की अनदेखी किए जाने के चलते पहली बारिश में ही सड़के फिर से गड्डो में तब्दील हो गयी है। शहर के हमालपारा और कामठी लाईन से रामाधीन मार्ग को जोड़ने वाली सड़क में डामर पूरी तरह उखड़ गया है। निगम प्रशासन द्वारा ठेकेदार को कई बार नोटिस जारी किए जाने के बाद भी सड़क में नए सिरे से डामरीकरण नहीं हुआ है। इधर रहवासियों ने अब इस मामले में आंदोलन की चेतावनी भी दे दी है।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा शहर में कुछ माह पहले कराए गए डामरीकरण कार्य की पोल पहली ही बारिश में खुल गयी थी। डामरीकरण के एक माह बाद ही शहर के हमालपारा और कामठी लाइन से रामाधीन मार्ग को जोड़ने वाली साबून गली में पूरा डामर भी गायब हो गया। जिसके कारण सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गयी है। इन दोनों सड़कों का ठेका किसी कोटडिया ठेकेदार को दिया गया था।

बताया जाता है कि निगम के अफसरों द्वारा डामरीकरण की आड़ में व्यापक पैमाने पर कमीशनखोरी की गई है। जिसके बाद ठेकेदारों ने भी घटिया डामरीकरण किया है। सड़क के उखड़ने के बाद पिछले चार माह के भीतर निगम द्वारा ठेकेदार को कई बार नोटिस जारी कर नए सिरे से डामरीकरण करने कहा गया, लेकिन आज पर्यन्त तक दोनों सड़कों में यह काम पूरा नहीं हो सका है।

बताया जाता है कि हमालपारा के रहवासियों ने अब आंदोलन की चेतावनी दी है। रहवासियों का कहना है कि सड़क के पूरी तरह उखड़ जाने के कारण दिनभर धूल उड़ रही है। वहीं गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही है। रहवासियों ने बताया कि यदि एक हफ्ते के भीतर सड़क का काम शुरू नहीं हुआ तो नेशनल हाईवे में चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### कमीशनखोरी हावी

नगर निगम द्वारा विकास कामों की आड़ में जमकर कमीशनखोरी की जा रही है। यहीं कारण है कि निर्माण कामों में गुणवत्ता का अभाव होने के बाद भी अफसरों ने अपनी आंखें मूंद रखी है। जिन तकनीकी अफसरों की ड्यूटी डामरीकरण में गुणवत्ता परखने लगाई गयी थी, उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने में अफसरों के हाथ कपकंपा रहे है।

### कार्रवाई की मांग

सड़क से डामरीकरण पूरी तरह उखड़ चुका है। कई बार निगम के अफसरों को कह चुका हूं, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। रहवासियों में जबर्दस्त आक्रोश है। दोषियों पर कार्रवाई के लिए भी पत्र लिखा हूं।

- शरद सिन्हा, पार्षद

---

# संत रामपाल के सत्संग को लेकर विरोध अनुयायियों ने एसडीएम दफ्तर को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छत्तीसगढ़ राज्य के जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई के अंतर्गत शहीद पार्क के समीप फुटबाल ग्राउंड छुईखदान में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन रविवार को किया जा रहा था। जैसे ही सत्संग प्रारंभ होने वाला था वैसे ही कुछ लोग सत्संग पंडाल में घुसकर सत्संग का विरोध करते हुए कार्यक्रम को बंद कराकर भगाने की कोशिश करने लगे। विरोध को देखते हुए सत्संग को स्थगित कर अनुयायियों ने एसडीएम कार्यालय में धरना भी दिया।



सत्संग आयोजन करने वाले छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक दुष्यंत कुमार साहू के द्वारा बताया गया कि सत्संग में संत रामपाल महाराज द्वारा सभी धार्मिक ग्रंथों जैसे पवित्र वेद, गीता इत्यादि द्वारा प्रमाण सहित शास्त्रोक्त साधना बताई जाती है। जिससे उनके लाखों अनुयायियों को आध्यात्मिक लाभ प्राप्त हो रहे है। संत रामपाल महाराज के सानिध्य में वर्तमान में समाज सुधार के कार्य दहेज मुक्त विवाह, नशा मुक्ति अभियान, रक्तदान शिविर अनेकों जगहों पर आयोजित किए जा रहे है। बताया जाता है कि जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ वहां कुछ लोग पहुंचे और इस कार्यक्रम का विरोध करना शुरू कर दिए। विरोध करने वाले अपने आप को किसी पार्टी का सदस्य भी बता रहे थे।

### एसडीएम ने दी थी अनुमति

आयोजकों का कहना है कि उन्होंने सत्संग का आयोजन एसडीएम से लिखित अनुमति लेने के बाद किया था, लेकिन कुछ लोगों द्वारा अचानक वहां पहुंचकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। जिसके बाद सत्संग कार्यक्रम को बंद करा दिया गया।

### पुलिस से शिकायत

अनुयायियों ने इस मामले की शिकायत एसडीएम और पुलिस से भी की है। उनका कहना है कि संविधान में मिले अधिकार के तहत वे कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे। पत्र में चार लोगों का नामजद उल्लेख कर एफआईआर दर्ज करने की भी मांग की है।

---

# अवैध रूप से शराब बिक्री, पुलिस ने शुरू की धरपकड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अवैध रूप से शराब परिवहन एवं बिक्री करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है जिसके तहत कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक महिला आरोपी सहित पांच के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। वही अन्य थाना क्षेत्रों में भी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लगातार असामाजिक तत्वों तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरूद्व धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इधर घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम छोटे बिरेझर निवासी आरोपी भाव सिंह ठाकुर के द्वारा अपने घर के बाड़ी से हाथ भट्टी से बना महुआ शराब बिक्री करते हुए पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से कुल 4 लीटर महुआ शराब कीमती 600 रूपए बिक्री रकम 300 रूपए नगदी जब्त किया। इसी प्रकार 13 जनवरी को ही ग्राम छोटे बिरेझर निवासी एक महिला के द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करते पाए जाने से उसके कब्जे से हाथ भट्टी से बना महुआ शराब 4.5 लीटर कीमती 675 रूपए व बिक्री रकम 150 रूपए जब्त किया गया।

### पांच के खिलाफ कार्रवाई

14 जनवरी को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर नंदू होटल के पास पुराना बस स्टैण्ड में आरोपी सुरेश साहू पिता वासुदेव साहू उम्र 58 वर्ष के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 1600 रूपए, भरकापारा में आरोपी शत्रुहन यादव पिता स्व विष्णु यादव उम्र 36 वर्ष के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 1440 रूपए, पुराना बस स्टैण्ड के पास आरोपी विमल बहादुर पिता चिंकी बहादुर उम्र 36 वर्ष के कब्जे से 13 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 1040 रूपए एवं नगदी रकम 300 रूपए जुमला 1340 रूपए, टांकापारा के पास आरोपी अजय नेताम पिता उत्तम नेताम उम्र 21 वर्ष के कब्जे से 12 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 960 रूपए एवं नगदी बिक्री रकम 360 रूपए जुमला 1320 रूपए, गोल बाजार के पास में महिला आरोपी उम्र 30 वर्ष के कब्जे से 12 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 960 रूपए एवं नगदी बिक्री रकम 210 रूपए जुमला 1170 रूपए जब्त कर कार्यवाही की गई। पांचों आरोपियों के कब्जे से कुल 75 पौवा देशी प्लेन शराब किमती 6000 रूपए एवं शराब बिक्री रकम 870 रूपए जुमला 6870 रूपए पुलिस ने जब्त किया।

---

# घर में घुसकर चोरी, दो पकड़ाए

- 1 मोटर पंप एवं एलईडी टीवी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में घुस कर चोरी करने के मामले की जांच पड़ताल कर रही पुलिस ने दो अरोपी को गिरफ्तार कर चोरी कर सामान बरामद किया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 जनवरी को प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी के कौरिनभाठा स्थित निवास स्थान से कोई अज्ञात चोर रात्रि मे एलईडी टीवी, टुल्लु मोटर पंप व अन्य सामान को चोरी कर लेकर चले गये है। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान संदेही दिलीप लहरे पिता बसंत लहरे उम्र 20 वर्ष निवासी कौरिनभाठा सतनामी पारा तथा आलोक बंजारे पिता सुरेश बंजारे 19 वर्ष निवासी कौरिनमाठा सतनामी पारा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, पूछताछ करने पर दोनो आरोपियों ने घटना को घटित करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया एलईडी टीवी तथा टुल्लू मोटर पंप को जब्त किया गया, तथा आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया, जहाँ न्यायालय द्वारा आरोपीगणों को जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय मिश्रा, उप निरीक्षक भूषण चन्द्राकर, आरक्षक विभाष राजपूत, प्रवीण मेश्राम, कमल किशोर यादव तथा देवेन्द्र पाल का सराहनीय योगदान रहा।

बरडिया ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगाव
☎ 07744-407161
विशिष्ट हीरा आभूषण
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है



## खबर संक्षेप



### कटंगी स्कूल में मनाया युवा दिवस

**गंडई पंडरिया।** नगर के नजदीकी ग्राम कटंगी के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार बैगलेस डे के मौके पर युवा दिवस उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विवेकानंद की जीवनी और उपलब्धि पर विस्तार से चर्चा की गई। युवाओं के लिए दिए गए योगदान के बार में बताया गया। विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान दार्जिलिंग जाने वाले स्काउट गाइड नेहा रजक एवं लता पटेल को ट्रैकसूट और जूते संस्था की ओर से दिया गया। इस दौरान प्राचार्य पोर्णिमा नेताम, व्याख्याता अर्चना ताम्रकार, शरद नेताम, रूपेश मंडावी सहित जन भागीदारी विकास समिति के पदाधिकारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सोमनी में कबड्डी स्पर्धा आज

**सोमनी।** ग्राम के आवास पारा में कल सोमवार को एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेता टीम को क्रमशः 7,777, 5,555 एवं 3,333 रुपए दिया जाएगा। बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट आलराउंडर और बेस्ट जर्सी खिलाड़ी को 555 रुपए दिया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र जांगड़े एवं उपाध्यक्ष सिद्धांत सेंगर ने बताया कि स्पर्धा शाम चार बजे शुरू होगी।

### धीरी मंडई कल

**सोमनी।** ग्राम धीरी में समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में आगामी 16 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में लोक कला मंच अरनार धमतरी वालो का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। सरपंच मोरध्वज साहू ने आसपास के ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील की है।

### संबलपुर मंडई आज

**जंगलपुर।** ग्राम संबलपुर में कल 15 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी रंग सरोवर सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम के इरेन्द्र साहू ने दिया।

### उल्लास से मनाया पोंगल



**डोंगरगढ़।** आंध्र समाज के पदाधिकारियों विधि विधान से पूजा अर्चना कर मकर संक्रांति एवं पोंगल मनाया। यह कार्यक्रम 2 दिन तक चलेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिकजन शामिल हुए।

### घटना के 10 दिन बाद भी हैंडराईटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट के इंतजार में पुलिस

# प्रताड़ना के बाद आत्महत्या, कांग्रेस का जांच दल पहुंचा खुर्सीटिकुल

### आंदोलन का रुख कर सकती है कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ख़ुर्सीटिकुल सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण दास साहू के आत्महत्या करने का मामला अब तुल पकड़ने लगा है। घटना के करीब 10 दिन बाद कांग्रेस के जांच दल ने गांव पहुंचकर परिजनों एवं अन्य ग्रामीणों से विस्तार से जानकारी ली। यह दल अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगा इससे पहले कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर कार्रवाई की पहल करेगा। पता चला है कि भाजपा नेता से प्रताडित होने के बाद मौत के इस मामले को लेकर कांग्रेस अब सड़क पर आकर लडाई लड़ने की तैयारी में है।

उल्लेखनीय है कि सेवा सहकारी समिति खुर्सीटिकुल के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता लक्ष्मणदास साहू ने गत 5 जनवरी को गौठान स्थित बबूल के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। आत्महत्या करने के पहले लिखे उन्होंने अपने सूसाइडल नोट में छुरिया जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। घटना की जानकारी मिलने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार महामंत्री मलकीत सिंह गैन्दू ने जांच कमेटी का गठन करते हुए उसमें जिला इंका अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, जिला इंका महामंत्री महेंद्र यादव, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन साहू, जिपं सदस्य कांति भंडारी शामिल कर प्रतिवेदन देने कहा था।



#### जांच दल ने तथ्य जुटाए

कांग्रेस जांच कमेटी के सभी सदस्य घटना के करीब 10 दिन बाद रविवार को ख़ुर्सीटिकुल पहुंचे और परिजनों से मुलाकात करते हुए घटना की विस्तृत जानकारी ली। सदस्यों ने परिजनों को आश्वस्त किया है कि वह न्याय दिलाने के लिए एसपी एवं कलेक्टर से मुलाकात करेंगे तथा कार्रवाई नहीं होने पर प्रबल विरोध किया जाएगा। इस दौरान कुमर्दा ब्लॉक इंका अध्यक्ष अब्दुल खान, जनपद सदस्य देव पन्द्रो, डुमेश्वर साहू, इंका प्रवक्ता विष्णु सोनी, गिरधारी साहू, धनंजय बघेल एवं ललित साहू उपस्थित थे।

#### सवालों के घेरे में पुलिस

पता चला है कि घटना के 10 दिन भी पुलिस अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं कर पाई और हैंडराईटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। जिपं सदस्य श्री यादव ने कहा कि मामला भाजपा से जुड़ा होने के कारण पुलिस कार्रवाई करने में ढिलाई कर रही है जबकि यहीं मामला सामान्य व्यक्ति से जुड़ा होता तो पुलिस बिना इंतजार किए कार्रवाई कर चुकी होती।

#### एसपी से मिलेगा जांच दल

जानकारी के अनुसार परिजनों और ग्रामीणों ने घटनाक्रम की जानकारी लेने के बाद कांग्रेस का जांच दल अगले एक दो दिनों में कलेक्टर और एसपी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग करेगा।

## रामलला के दर्शन की चाह में अयोध्या तक पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

रामलला के दर्शन की चाह के साथ राजा खुज्जी निवासी किराना व्यवसायी युवक बृजेश जैन जिसकी उम्र 26 वर्ष है पैदल ही अयोध्या जाने निकल पड़ा है। यह युवक लगभग 800 सौ किलोमीटर की दूरी तय कर अयोध्या पहुंचेगा। पदयात्रा के दौरान आने वाली दिक्कतों और शारीरिक परेशानियों को नजरअंदाज कर बृजेश जैन गत 11 जनवरी को गृह ग्राम राजा खुज्जी से अयोध्या के लिए रवाना हुआ है।हाथ में श्रीराम नाम का झंडा थामे बृजेश दिनभर चलता है और रात्रि में जहां जगह मिलती है वहीं विश्राम करता। पैदल अयोध्या जाने के जुनून से लोग काफी प्रभावित हो रहे हैं और रात्रि में रुकने और भोजन व्यवस्था स्वस्फूर्त होकर कर रहे है।

#### नगर में स्वागत

गत 13 जनवरी को बृजेश के नगर पहुंचने पर जितेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, आरएसएस के स्वयंसेवक बलदाऊ सोनी, ऋषभ सिन्हा, उमेश्वर साहू ने स्वागत सत्कार किया और जितेश अग्रवाल ने अपने घर मे उन्हें भोजन कराया। रेस्ट हाउस में रात रुकने के बाद दूसरे दिन सुबह वह आगे के सफर पर चले पड़े।

### साकेतधाम में आज अयोध्या उत्सव

**डोंगरगांव।** सर्व हिंदू समाज एवं सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा कल 15 जनवरी को संध्या 5 बजे से साकेत धाम परिसर में अयोध्या मय उत्सव का आयोजन रखा गया है। सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य जितेंद्र शर्मा ने बताया है कि आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्री राम लला का अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को ऐतिहासिक बनाने सर्व हिंदू समाज और सरस्वती शिशु मंदिर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस मौके पर कलश यात्रा दुर्गा मंदिर कालेज रोड़ से नगर के विभिन्न वार्डों को भ्रमण करते हुए संध्या 5 बजे से साकेत धाम परिसर पहुंचेगी जहां अयोध्या मय उत्सव मनाया जाएगा।

## सड़कों का गुणवत्ताहीन निर्माण

### शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका एवं लोक निर्माण विभाग के माध्यम से शहर में बीटी रोड़, आरसीसी एवं सीसी रोड़ का निर्माण किया गया है।

इन कार्यो की गुणवत्ता और उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं। शहर में कराए गए डामरीकरण, आरसीसी एवं डामरीकरण सड़क के निर्माण में स्टीमेट को दरकिनार कर अधिकारियों-कर्मचारियों ने गुणवत्ताहीन निर्माण होने के बाद कमीशनखोरी की आड़ में सत्यापन मूल्यांकन कर दिया है।

सरकार बदलने के बाद पालिका द्वारा बीते दो साल में कराए गए निर्माण एवं खरीदी के कई मामले सामने आए हैं जिसमें खाद मशीन, डीजल खरीदी, प्रधानमंत्री आवास, इंटरलाकिंग, चेकरटाईल्स निर्माण, गार्डन सौंदर्यीकरण, ओपन जीम निर्माण, लाईट के मामले प्रमुख है। इन मामलों में कार्रवाई करने के बजाय अधिकारी, इंजीनियर एवं ठेकेदार मामले को दबाने के प्रयास में लगे है।

#### पालिका में सिर्फ एक इंजीनियर

पिछले 5 वर्षों में नगर पालिका में एक इंजीनियर के भरोसे ही करोड़ो के काम हो रहे है जबकि 3 इंजीनियर होना चाहिए। इन 5 सालो में तीन से चार इंजीनियर का स्थानांतरण हो चुका है और राजनांदगांव से एक इंजीनियर को अटैच किया गया था। अटैचमेंट समाप्त होने के बाद एकमात्र इंजीनियर रितेश स्थापक के भरोसे ही पूरे कार्य हो रहे हैं।

## उप समिति के गठन का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

ग्राम दर्रा में क्षेत्रीय राजपूत समाज की बैठक राजनांदगांव के अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह भुआल के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में घुमका, ठेलकाडीह, डुमरडीह कला क्षेत्र को मिलाकर नई उप समिति के गठन का प्रस्ताव पारित कर स्वीकृति के लिए केंद्रीय समिति को भेजा गया है। समिति गठन के लिए क्षेत्र के राजपूत क्षत्रिय 5 फरवरी 23 से प्रयासरत है।

उप समिति के अध्यक्ष ने कहा कि आगामी महासभा के बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से नई उप समिति की गठन की मांग को प्रमुखता से रखा जाएगा। बताया गया कि खैरझिटी में उप समिति का आम जलसा आगामी 28 जनवरी को रखा गया है। बैठक को सचिव तेज कुमार सिंह ने संबोधित किया। अंत में आभार व्यक्त कामता सिंह राजपूत ने किया। बैठक में देवानंद सिंह, राजेश सिंह, सुरेंद्रसिंह, कामता सिंह, विष्णु सिंह, दिनेशसिंह, इंद्रपालसिंह, मुकुंदसिंह, संतोष सिंह, उरामन सिंह, भूपेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह, नरोत्तम सिंह, तेजसिंह, दिनेश सिंह, देवीसिंह, मिथिलेश सिंह, अशोक सिंह, संजय सिंह, सागर सिंह, करण सिंह, नरोत्तम सिंह, दिनेश सिंह, नरेश सिंह, महेश सिंह आदि शामिल हुए।



## रेस्टोरेंट में मारपीट दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर की रिलेक्स होटल में 11 जनवरी की रात मामूली विवाद के बाद मारपीट की घटना हो गई। घटना के बाद दोनों पक्षो ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाया था। थाना प्रभारी शिव शंकर गेंदले ने बताया कि 11 जनवरी को रिलेक्स होटल के कर्मचारी सुजीत मंडल ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी श्लोक खुटेल एवं आकाश सिंह राजपूत रेस्टोरेंट में खाना खाने आये थे।

नानवेज नहीं बनने की जानकारी देने पर आरोपी गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का एवं गिलास से मारपीट किया। रेस्टोरेंट के संचालक सिद्धान्त देवांगन के समझाने पर उनसे भी गाली गलौच एवं मारपीट करने लगे। किचन में घुसकर तोडफोड किया है। पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 327, 427, 458, 34 के तहत जुर्म कायम कर विवेचना में लिया गया।

उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं एसडीओपी प्रशांत खाण्डे के निर्देश पर थाना प्रभारी गंडई के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी श्लोक खुटेल उर्फ सन्नाटा पिता ईतवारी खुटेल निवासी लाखाटोला, आकाश राजपूत पिता लक्ष्मीनारायण सिंह राजपूत निवासी वार्ड 9 मस्जिदपारा को गिरफ्तार किया है।

## श्रद्धा के साथ निकली हरि संकीर्तन यात्रा



**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने मकर संक्रांति के अवसर पर हरि संकीर्तन शोभायात्रा निकाला। नीचे मंदिर में पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा पंथी नृत्य, राउत नाच, रामधुनी, डंडा नाच एवं अनेक रामायण मंडली ने शहर भ्रमण किया। शोभायात्रा जयस्तंभ चौक, खंडूपारा, रेलवे चौक, गुरूद्वारा चौक, बुधवारी पारा, जैन मंदिर, गोल बाजार होते हुए अग्रसेन चौक से पुनः नीचे मंदिर पहुंची जहां उसका समापन हुआ। नगरवासियों एवं दर्शनार्थियों ने शोभायात्रा में शामिल भगवान श्री राम, कृष्ण एवं मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना किया। शोभायात्रा में ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अनिल गट्टानी, संजय श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश मिश्रा, महेन्द्र परिहार, बबलू शांडिल्य, पिताम्बर स्वामी, प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, अजय सिंह ठाकुर, केशव नरेडी, योगेश अग्रवाल, कैलाश सोनवानी, अशोक साहू, नितिन शांडिल्य, युवराज महाराज, मोनू अग्रवाल, सोनू नरेडी, राजेश अग्रवाल, श्यामु नरेडी, शरद अग्रवाल सहित अन्य शामिल हुए।

## लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश अध्यक्ष बने अमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने छत्तीसगढ़ लोकतंत्र संघ व लोकतंत्र प्रहरी की गतिविधियों में तेजी लाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी की सहमति से अमित छाबड़ा को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्ति किया है। लोगो ने अमित छाबड़ा के प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर हर्ष जताया है। श्री छाबड़ा 2009 से पार्षद निर्वाचित हो रहे हैं। वर्तमान में वह पालिका में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे है। वह जिला योजना समिति के निर्वाचित सदस्य, भाजपा प्रदेश नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रभारी और जीवनदीप समिति के सदस्य हैं। उन्हे जिलाध्यक्ष कुलवंत कक्कड़, हरविंदर सिंह मंगे, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, तुलसी मिश्रा, महेंद्र अग्रवाल, संतु राव, प्रिंस कक्कड़, विजेंद्र ठाकुर, परविंदर सिंह मोंटी, कमलेश काले, अखिलेश गढ़वाल, मनीष चक्रवर्ती, विक्की भाटिया, गगन लरोकर आदि ने बधाई दी है।



## तुमड़ीबोड़ में आज चंदैनी गोंदा

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम में कल 15 जनवरी को मंडई का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ का सुप्रसिद्ध पारिवारिक कार्यक्रम स्व खुमान साव द्वारा निर्देशित चंदैनी गोंदा का मंचन होगा।

मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू होंगे। अध्यक्षता जिपं सदस्य महेंद्र यादव करेंगे। विशेष अतिथि प्रदेश इंका सचिव गुलाब वर्मा, जिला किसान इंका अध्यक्ष मदन साहू, भुनेश्वरी साहू, अजय जैन, अमरोतन साहू, सरपंच टीकम पटेल, रमाकांत साहू, सुनील जैन, भूपेंद्र सोनवानी, एवेंद्र साहू, बिल्लू भाई होंगे। आयोजक शिव शक्ति युवा संगठन के अध्यक्ष रमाकांत साहू एवं ग्रामवासियों ने अंचलवासियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

#### भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

## हार के कारणों की पड़ताल करेगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के सभाकक्ष में रविवार को भाजपा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी और विधानसभा चुनाव के परिणाम पर विस्तार से चर्चा किया गया। सम्मेलन में जिला भाजपा प्रभारी और पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि हाल में हुए विधानसभा चुनाव में कुछ मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा है। हार के कारण का समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिन बूथों पर हार का सामना करना पड़ा उसकी समीक्षा कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु कार्यकर्ताओ को चार्ज किया जाएगा। जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कार्यकर्ताओं ने नए मतदाताओ का नाम जुड़वाने, नाम सुधरवाने तथा मतदाता से सम्बंधित सभी प्रकरणों को दुरुस्त कराने प्रेरित किया। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने आने वाले 22 जनवरी को श्री राम मंदिर के आयोजन को जोर शोर से मनाने का आह्वान किया। कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान वार्ड 10 के राकेश देवांगन ने भाजपा की सदस्यता ली।

सम्मेलन में रविन्द्र वैष्णव, मूलचंद लोधी, सावन वर्मा, आभा तिवारी, रामकुमार गुप्ता, बोधीराम साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, पूर्व विधायक खेदूराम साहू, किरण साहू, इंदुमती साहू, गुलशन हिरवानी, संतोष यादव, रामधीन देवांगन, गिरवर साहू, चन्द्रकुमार देवांगन, देवेन्द्र साहू, रोहित साहू, तरुण नायक, अजय वैष्णव, वीरेंद्र साहू, किशोर यादव, लोकेश यदु, योगेश पटेल, निर्मला सिन्हा, अंजू त्रिपाठी, कुंती साहू, नंदिनी साहू, मनीष साहू, प्रीतम साहू, भाविश निक्की, राजेन्द्र ठाकुर, नीरेंद्र साहू, राजा जैन, सुदीप चंद्रवंशी, टेकराम निषाद, चुन्नी यदु सहित अन्य उपस्थित थे।



Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133


## खबर संक्षेप

### 22 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर 22 जनवरी को प्रभु श्री राम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा पर छत्तीसगढ़ में सभी शासकीय कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने हेतु चर्चा किया एवं ज्ञापन सौंपा। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। श्री तिवारी ने धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से 22 जनवरी 2024 को छत्तीसगढ़ के स्कूल कॉलेजो में अवकाश की घोषणा पर बधाई दी।

### राहुल गांधी की यात्रा कांग्रेस का अस्तित्व बचाने

**राजनांदगांव।** भाजपा नेता



बिससेर साहू ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कांग्रेस का अस्तित्व बचाने की यात्रा बताया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि – कांग्रेस ने कभी देश के साथ न्याय नहीं किया। देश के विभाजन से लेकर भ्रष्टाचार और तानाशाही तक का इतिहास कांग्रेस की देन है। उन्होंने कहा कि इससे ही तंग आकर भारत की जनता ने उन्हें इस हश्र पर ला खड़ा किया कि वे विपक्ष में दहाई के आंकड़ों में सिमट गई। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रुप में देश को समर्पित जननायक मिला जिसके नेतृत्व में विकास का सूर्योदय हुआ है। आज विश्व कह रहा है, मोदी है तो मुमकिन है।

### खेलों को बढ़ावा देने एसपी ने ली बैठक

**राजनांदगांव।** युवा दिवस के अवसर पर एसपी मोहित गर्ग द्वारा बच्चों को नशीले पदार्थ एवं असामाजिक गतिविधियों से बच्चाने हेतु उनका रूझान खेलकूद की ओर प्रोत्साहित करने के लिये शहर के युवाओ तथा विभिन्न एनजीओ की बैठक ली। उन्होने इस अवसर पर कहा कि बच्चों एवं नव युवकों को नशीले पदार्थ एवं असामाजिक गतिविधियों से दूर रखने हेतु उनका रूझान खेलकूद की ओर लाने के लिये कार्य योजना तैयार करने एवं क्रियान्वित करने के लिये उपस्थित विभिन्न एनजीओ एवं युवा खिलाड़ियों को एक साथ मिलकर अलग-अलग खेलों का आयोजन कर स्लम ऐरिया, गांव क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओं को खेल का प्रशिक्षण दिया जाए। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू तथा राजनांदगांव रनर, लायंस क्लब ऑफ राजनांदगांव, एथलेटिक कोच, खिलाड़ी एवं शहर के युवा एवं एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### आपदा प्रबंधन एडवेंचर के लिए दार्जिलिंग रवाना



**खैरागढ़।** भारत स्काउटस गाइडस जिला संघ संरक्षक और कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार जिले के 7 सदस्य आपदा प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास व साहसिक कार्यक्रम अंतर्गत कुर्सियांग, दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुए। स्कूल शिक्षा विभाग के वित्तीय अनुदान से भारत स्काउटस गाइडस राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा उक्त आयोजन 16 से 20 जनवरी तक होगा जिसमे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगी गंडई से गाइड लता और नेहा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोलागांव से स्काउटर अमित मंडावी, डूमेंद्र साहू, शंकर साहू सहित भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव केके वर्मा व जिला संगठन आयुक्त धनुष सिन्हा शामिल होंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक गर्म कपड़ा और मेडिकल किट साथ में रखने कहा। इस अवसर पर खैरागढ़ के सचिव सुनील गुनी, छुईखदान के सचिव पूर्णिमा नेताम, विशाल ठाकुर, कन्हैया पटेल ,सुजीत सिंह चौहान, मानसदास साहू, महदीप जंघेल, द्वारिका जंघेल, चंपालाल साहू, नीलू सहित अन्य उपस्थित थे।

### तीन राज्यों के ट्राई जंक्शन में बसा है कटेमा

# नक्सल ऑपरेशन के नजरिए से प्रभावित ग्राम कटेमा मे सुरक्षा कैंप



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नक्सलियों के विरूध्द सफल नक्सल विरोधी अभियान चलाए जाने के नजरिए से छग, महाराष्ट्र और मप्र की सीमा पर सघन वनांचल में बसे ग्राम कटेमा में पुलिस कैंप का शुभारंभ हुआ।

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राहुल भगत के निर्देशन में एसपी अंकिता शर्मा के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित कटेमा में पुलिस सुरक्षा कैंप की स्थापना ग्राम सहित आसपास के गणमान्य नागरिकों व ग्रामीणों की उपस्थिति में की गई। उपमहानिरीक्षक आईटीबीपी ओपी यादव, कमांडेंट 40वीं वाहिनी आईटीबीपी अनंत नारायण दत्ता, तरुण बनर्जी, सहायक सेनानी ई कंपनी श्यामलाल, एसडीओपी गंडई प्रशांत खांडे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल राजनांदगांव अजीत ओगरे और पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति मे केंप का शुभारंभ किया गया। इससे पहले पुलिस बल ने कटेमा मे घर-घर जाकर ग्रामीणों को मिठाई और कंबल वितरण किया गया। समस्याओं को लेकर जानकारी ली और उन्हें आश्वासन दिया गया कि पुलिस उनकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी और वो निर्भीक होकर अपनी समस्याओं से पुलिस को अवगत करा सकेगें।

#### लांच पैड के रूप मे हो सकेगा इस्तेमाल

जिले के सूदुर वनांचल का आखिरी ग्राम कटेमा छग, महाराष्ट्र के गोंदिया और मप्र के बालाघाट की समीपवर्ती सीमा पर ट्राई जंक्शन में बसा है जहां नक्सलियों का आवागमन बना रहता है। सालों से इस क्षेत्र का उपयोग नक्सली एक राज्य से दूसरे राज्य में क्रासिंग पाईंट के रूप में करते आ रहे है। पुलिस की नजर मे सामरिक दृष्टिकोण से यह स्थान अति महत्वपूर्ण है। पुलिस कैंप की स्थापना से नक्सलियों के गतिविधियों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने में मदद मिलेगी वही सफल अंतर्राज्यीय नक्सल विरोधी अभियान चलाने इस कैंप का पुलिस लांच पैड के रूप में इस्तेमाल कर सकती है। कटेमा से राजनांदगांव जिले के लगते सीमा क्षेत्र में लगातार नक्सली अपनी गतिविधियों में बढ़ोतरी कर वारदातों को अंजाम दे रहे थे। सुरक्षा कैंप स्थापना से सीमावर्ती जिले में नक्सली गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण होगा वही क्षेत्र में सुरक्षा एवं शांति का वातावरण निर्मित होने से विकास कार्य निर्बाध रूप से पूरा करने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा वनांचल क्षेत्र के लोग और पुलिस के बीच आपसी समझ व विश्वास बढ़ेगा। कैंप स्थापना से नक्सली अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार नहीं कर पाएंगे और शासन की जन हितैषी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचेगा। कटेमा मे कैंप की स्थापना प्रक्रिया सुरक्षित रूप से पूर्ण कराने में महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश पुलिस और राजनांदगांव, कबीरधाम और खैरागढ़ की डीआरजी टीम सहित 40 वीं वाहिनी आईटीबीपी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एसपी अंकिता शर्मा ने कैंप स्थापना में सहयोग करने वाले सुरक्षाबलों सहित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया है।

## दीगर प्रांत से आकर बाइक चोरी करने वाला आरोपी सपड़ाया



**खैरागढ़।** गार्डन के पास खड़ी मोटरसाइकिल को चोरी करने वाला आरोपी गाड़ी बेचने के फिराक मे सपड़ाया। जानकारी अनुसार बुधवार 3 जनवरी की शाम ईतवारी बाजार निवासी फरीदा बानो का पोता हुसैन घर की लिवो होंडा मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 एए 1967 को लेकर अटल गार्डन गया था और मेन गेट के सामने हैंडिल लॉक करके गार्डन अंदर टहलकर शाम साढ़े छै बजे वापस जाने निकला तो गाड़ी मेन गेट के पास नही खड़ी थी। आसपास पूछताछ और पतासाजी में भी पता नही चलने पर उसने पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पांडेय, एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन मे टीआई राजेश देवदास ने विशेष टीम को गठन किया और तकनीकी शाखा की सहायता से संदेही मोबाईल नंबरों के मूवमेंट पर नजर रखा। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक मोटर साइकिल बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहे है। फौरी कारवाई करते हुए पुलिस टीम ने दोनों युवकों को पिपरिया बाईपास के पास मोटरसाइकिल सहित दबोच कर थाने लाई जहां पूछताछ के दौरान दीगर प्रांत महाराष्ट्र के नागुपर कलमना थाना निवासी दीपक पिता चंदू बघेल 23 साल और पूनेश पिता भीखूदास बघेल 23 साल पांडुका जालबांधा चौकी ने योजना बनाकर उक्त मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। विवेचना के दौरान पता चला कि दीगर प्रांत निवासी दीपक बघेल के खिलाफ मौदा नागपुर ग्रामीण थाने मे धारा 379 का आरोपी है, जो फरार चल रहा है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। कारवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश रदेवदास, उनि बिरेन्द्र चंद्राकर, सउनि कोमल मिंज, आर 1657 मणिशंकर वर्मा, आर 156 प्रदीप यादव, आर 1674 विजय कुर्रे, आर 1255 शिवलाल वर्मा, 1422 प्रदीप धनकर और सायबर सेल प्रभारी सउनि टैलेश सिंह, आर 1357 चंद्रविजय सिंह, 1581 त्रिभुवन यदु, 1154 सत्यनारायण साहू, 832 कमलकांत साहू, 407 जयपाल कैवर्त व प्रआर प्रदीप जंघेल, प्रआर दानेश ठाकुर की भूमिका रही।

## सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन ने की कलेक्टर से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ समस्याओं के संबंध में कलेक्टर के समक्ष रखी मांग

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला पदाधिकारियों ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा से मुलाकात कर स्वागत बाद विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव ड्यूटी का मानदेय भुगतान नहीं होने को लेकर ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रामलाल साहू ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को बताया कि विधानसभा निर्वाचन ड्यूटी और अविहित अधिकारी के रूप मे दोनो ड्यूटी मानदेय अब तक नहीं मिला है जबकि बाकी जिलों में इसका भुगतान कर दिया गया है। मामले की जानकारी बाद कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने संबंधित विभाग के कर्मचारी को बुलाकर मानदेय भुगतान नहीं होने पर फटकार लगाते हुए दो दिन के भीतर मानदेय का भुगतान करने कहा। संघ सदस्यो ने त्वरित कार्रवाई के लिए उनका आभार जताया। कलेक्टर से मुलाकात के बाद फेडरेशन ने डीईओ फत्तेराम कोसरिया से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जिसमे उन्होने प्राथमिक शाला मे प्रधान पाठकों की प्रतिक्षा सूची, जीपीएफ पासबुक संधारित कर संबंधित कर्मचारियों को देने, उच्च परीक्षा में बैठने के लिए अनुमति सामूहिक तौर पर जारी करने, परामर्शदात्री की बैठक सहित विभिन्न विषयों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा कर त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान फेडरेशन के जिला संयोजक गांधीराम साहू, दोदेश्वर चंदेल, कोमलचंद कोठारी, शिवचरण वर्मा, संजूराम कंवर, राजकुमार मस्खरे, संजीव धुर्वे, नंदकिशोर सिमकर, कौशल श्रीवास्तव, दुर्गेश सोनी, भिखेन्द्र जंघेल, लालाराम मरावी, प्रकाश मंडावी, टीका देशमुख, सूर्यकांत गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### भाजपा संगठन से कार्यकर्ता नाखुश

**डोंगरगढ़।** परिस्थिति अनुकूल होने के बाद भी विधानसभा चुनाव में परिणाम विपरीत आने के बाद भाजपा संगठन में बदलाव की मांग प्रबल होते जा रही है। संगठन की कार्यप्रणाली से नाराज भाजपा के वरिष्ठ एवं कार्यकर्ता नए सिर से गठन की मांग पर अड़े हुए है। शहर के कार्यकर्ताओं का दल हाल ही में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंट कर अपनी मांग से अवगत करा चुका है। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से भी मुलाकात कर संगठन के कुछ वरिष्ठ, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओ की गतिविधियों पर सवाल उठाते हुए नए गठन करने की मांग की है। मांग करने वालों में प्रदीप बाघ, हरविंदर एस मंगे, संतोषराव, तुलसी मिश्रा, विजेन्द्र सिंग ठाकुर, सत्यप्रकाश मिश्रा, महेन्द्र अग्रवाल, परविंदर सिंग मोन्टी, प्रिंस कक्कड, अखिलेश गडेवाल, गिरिश साहू, रामकुमार डडेसना, शैलू साहू, रवि रंजन, अजय शर्मा, मयंक डोंगरे, संतोष, ललित शर्मा, रघुनाथ गजेन्द्र, सुरेश मरकाम सहित अन्य शामिल हैं।



**राजनांदगांव।** श्री बालाजी हनुमान मंदिर और बाल समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश के विस अध्यक्ष डा. रमन सिंह से मुलाकात कर उन्हें 22 जनवरी को आयोजित श्रीराम हर्ष यात्रा का निमंत्रण दिया।

## अवैध भंडारण पर संयुक्त दल की कारवाई धान, सोयाबीन और चना को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



धान के अवैध परिवहन सहित संग्रहण को लेकर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के सख्त रवैए से जिले के विभागीय छापेमारी टीम सक्रिय हो गई है। अवैध तरीके से धान संग्रहण और परिवहन पर नियमित कारवाई के अलावा अन्य खाद्य सामग्रियों के अवैध संग्रहण को लेकर भी खाद्य विभाग का संयुक्त दल अमला मैदान मे कारवाई करने उतर गया है। रविवार को पेंड्री के ओम ट्रेडर्स मे दल ने कारवाई करते हुए प्रोपराइटर ओमप्रकाश खत्री की उपस्थिति मे परिसर का भौतिक सत्यापन किया और क्रय उत्पाद पर मंडी शुल्क जमा नही किए जाने पर कारवाई करते हुए भंडारित किए गए 210 कट्टा धान, 200 कट्टा सोयाबीन और 40 किलो चना की जप्ती बनाई। निरीक्षण के दौरान दल ने पाया कि ट्रेडर्स संचालक ओमप्रकाश खत्री द्वारा 4 दिसम्बर 23 की स्थिति मे स्टाक पंजी संधारित किया था, लेकिन क्रय धान का मंडी शुल्क जमा नही किया था जिसके चलते मंडी अधिनियम 1972 के प्रावधान तहत जप्ती कारवाई की गई। खाद्य विभाग के संयुक्त दल में जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सहायक पंजीयक रघुराज सिंह, सीसीबी नोडल आलोक शर्मा उपस्थित थे। गौरतलब है कि नवपदस्थ कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के कार्यभार ग्रहण करने के बाद जिले मे प्रशानिक कसावट में तेजी नजर आ रही है।

## विकासखंड हो गया है राममय 58 हजार घरों में पहुंचेंगे रामभक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 22 जनवरी जैसे-जैसे करीब आते जा रही है वैसे ही पूरा इलाका राममय हो गया है। श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट गृह संपर्क अभियान के विकासखंड संयोजक व आरएसएस खंड कार्यवाह राजू यादव ने बताया की 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए पूरा विकासखंड व नगर राममय हो गया है। प्रत्येक गांव में रामभक्त अयोध्या से आए पूजित पवित्र अक्षत,निवेदन पत्र व भगवान राम के मंदिर का फोटो लेकर निमंत्रण देने नाचते गाते, बाजे गाजे के अलावा कलश यात्रा के साथ घर-घर जा रहे है।

#### प्रत्येक घरों में अयोध्या पहुंचने न्योता

राजू यादव ने बताया कि विकासखंड अंतर्गत आने वाले लगभग 225 गांव में रामभक्त टोली बनाकर अपने अपने गांव के प्रत्येक घरों में अयोध्या पहुँचने का निमंत्रण दे रहे है। उन्होने बताया कि 22 जनवरी को प्रत्येक गांव के छोटे बड़े मंदिरों को जागृत अवस्था मे रखकर सुबह 11 बजे से विजय महामंत्र, श्री राम जय राम का जाप, भजन कीर्तन व हनुमान चालीसा, सुदर कांड का पाठ करने के साथ ही शाम को अपने अपने घरों में रंगोली बनाकर दीप जलाकर दीपावली निवेदन कर रहे है। राजू यादव ने बताया कि खंड व नगर मिलाकर लगभग 58 हजार रामभक्त परिवारों में संपर्क टोली निमंत्रण लेकर पहुचेगी। उन्होने खंड व नगर के प्रत्येक घर के सभी रामभक्तो से निवेदन किया है कि बड़े सौभाग्य से सालो इंतजार बाद 22 जनवरी का यह दिन आया है, जिसके लिए सभी अपने अपने घरों में दीवाली मनाकर पूरे वातावरण को राम मय बनाने की कृपा करें।

### रासेयो से छात्र छात्राओं का होता है समग्र विकास

## पिपला कछार में रोसेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




ब्लाक के पिपलाकछार में शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज की रासेयो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य एसबी वराठे ने रासेयो स्वयंसेवकों को सात दिवसीय विशेष शिविर में शामिल होने कालेज परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शुभारंभ कार्यक्रम डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिपं सभापति विप्लव साहू, सरपंच खोमलाल धुर्वे सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानन्द के प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण कर किया गया। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार की एक ऐसी योजना है जिसके द्वारा छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है, समय की पाबंदी, सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा और समाज सेवा के माध्यम से छात्र-छात्राएं शासन की अनेक योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। शिविर आयोजन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह कोर्राम, अंशु प्रीति कुजूर और सहयोगी प्रकाशचंद्र खरे के निर्देशन में किया जा रहा है। शुभारंभ कार्यक्रम बाद रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा गांव के बाजार हाट में नशा मुक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामवासियों को नशे से होने वाले विनाश के प्रति जागरूक करने प्रयास किया गया। रात को मशाल रैली निकालकर शासन की योजनाओं को जन-जन तक नारे लगाकर पहुंचाने की कोशिश की। इस दौरान पिपलाकछार पूमाशा प्रपा शरद कुमार सिंह, प्राशा प्रपा हेमलाल साहू, डेविड कुमार मार्शल सहित अन्य शिक्षकों सहित ग्रामवासी और स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### उसरीबोड़ मंडई 18 को एवं जस स्पर्धा 19 से

**राजनांदगांव।** समीपस्थ ग्राम उसरीबोड़ में 18 जनवरी गुरुवार को मंडई मेला एवं रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा 'आकाश गंगा नाच पार्टी' ग्राम दाऊटोला (डूमरघूंचा) मोहला वालों का आयोजन रखा गया है। 19, 20 एवं 21 जनवरी को विराट देवी जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। प्रत्येक प्रतिभागी मंडली हेतु 1101 रुपए सदाबहार राशि रखी गई है। पुरस्कार झांकी वर्ग प्रथम 5001 रुपए, द्वितीय 4001 रुपए, तृतीय 3001 रुपए, चतुर्थ 2001 रुपए, पंचम 1001 रुपए। पुरुष वर्ग में प्रथम 3101 रुपए, द्वितीय 2101 रुपए, तृतीय 1501 रुपए, चतुर्थ 1001 रुपए, पंचम 701 रुपए। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम 2101 रुपए, द्वितीय 1501, तृतीय 1001, चतुर्थ 701, पंचम 501 रुपए निर्धारित किया गया है। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष आगेश्वर प्रसाद साहू ने दी है और क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

## विवेकानंद स्कूल में युवा दिवस पर हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**खैरागढ़।** स्वामी विवेकानंद स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अधिवक्ता मिहिर झा, प्राचार्य बृजेश श्रीवास्तव, पीएलवी गोलूदास साहू की उपस्थिति में आयोजित शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बालिकाओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। शिविर में विशेष रूप से लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, पास्को एक्ट चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को लेकर जानकारी देते हुए पीएलवी गोलूदास साहू ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं की ऊर्जा समृद्ध देश का आधार और पीड़ित निर्धन की सेवा को ही सबसे बड़ी तपस्या को लेकर कहा कि आज की परिस्थिति में उनके विचारों को आत्मसात करना जरूरी हो गया है। स्कूली बच्चों को 2012 में बने पास्को एक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि यह कानून बालक बालिकाओं का संरक्षण करता है, इसमें किसी भी प्रकार के शोषण पर कानूनी कार्रवाई की जाती है। बाल विवाह निषेध अधिनियम को लेकर कहा कि हमारे देश में लड़कियों की 18 साल और लड़कों की 21 साल की उम्र से पहले शादी करना कराना कानूनी अपराध है इसमें शामिल व्यक्तियों के लिए सजा का प्रावधान है। शिविर में अधिवक्ता मिहिर झा ने कहा कि शाला आते जाते या किसी भी प्रकार की अनहोनी पर किसी भी प्रकार की मदद पुलिस से ले सकते हैं। किसी भी घटना को नजर अंदाज मत करे और जागरूक रहकर किसी बड़ी घटना से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई बार-बार परेशान कर रहा है तो उसकी जानकारी पैरेंट्स या टीचर्स को जरूर दे। प्राचार्य बृजेश श्रीवास्तव ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार शरीर के विकास के लिए भोजन आवश्यक है उसी प्रकार जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षा का महत्व है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान शाला स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके पैरेंट्स उपस्थित थे।

## सार समाचार





राजनांदगांव। अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व शहर के श्रीगणेश मंदिर मिथिलाधाम में श्रीराम भक्त हनुमान की विधि विधान से पूजा अर्चना कर महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### श्रीमद् भागवत कथा 22 तक

**राजनांदगांव।** अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गौरीनगर स्थित रामदादा गली नंबर एक में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा उत्तर मंडल के उपाध्यक्ष अशोक निर्मलकर ने धर्मप्रेमी जनता से उपस्थिति की अपील की है।

### मिश्रा बसंतपुर, सिंह बोरतालब प्रभारी बने

**राजनांदगांव।** जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने एक आदेश जारी कर चार निरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। जिसके तहत निरीक्षक विजय कुमार मिश्रा थाना प्रभारी बसंतपुर थाना से रक्षित केन्द्र , राजेश मिश्रा रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी बसंतपुर थाना, ओम प्रकाश ध्रुव थाना प्रभारी गैंदाटोला से रक्षित केन्द्र, रमेश कुमार पटेल रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी गेन्दाटोला, संतोष ठाकुर थाना प्रभारी बोरतालाब से रक्षित केन्द्र, मिलन सिंह रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी बोरतालाब स्थानांतरित किया गया है।

## सरकार आपके दरवाजे पर आ रही है : डॉ. रमन सिंह

# शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाने व आधार कार्ड अपडेशन के लिए भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह रविवार को राजनांदगांव शहरी क्षेत्र नया ढाबा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। केन्द्र शासन की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं योजनाओं से लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन नया ढाबा पहुंची। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र शासन की योजनाओं से आम जनता लाभान्वित हो रही है। हितग्राहियों को शिविर में लाभ मिला है। साथ ही जनसामान्य ने विभिन्न योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है और उसकी प्रक्रिया आरंभ हो गई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश में आस्था के मंदिर के साथ लोकतंत्र का मंदिर बन रहा है। यह हमारा गौरव है कि सनातन धर्म और 140 करोड़ लोगों का सपना 22 जनवरी 2024 को पूरा होगा और अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा आम जनता को मिले।



### योजनाओं का करे प्रचार: रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि विभिन्न विभाग शहरी क्षेत्रों के साथ ही अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में जा रहे हैं और शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर नागरिकों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। 40 हजार ग्राम पंचायतों तक लगभग 1 करोड़ 25 लाख लोगों को मोदी की गारंटी योजना से लाभ मिला है। 35 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बेहतर कार्य करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार अच्छी तरह चल रही है। मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए प्रदेश में हरसंभव कार्य किए जा रहे हैं।

### स्टॉल का निरीक्षण

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में मकर संक्रांति के अवसर पर तिल के लड्डू एवं पतंग की सजावट विशेष रही। स्टॉल में सुपोषण परी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की रंगोली, छत्तीसगढ़ी व्यंजन एवं विभिन्न प्रकार की भाजियां एवं पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई। वन विभाग के स्टॉल में कटहल, करौंदा, बेर, लहसुन, जीमिकंद के आचार तथा महुआ लड्डू, महुआ कुकीज एवं उड़द एवं मूंगदाल की बड़ी जैसे उत्पाद की बिक्री की गई।

### हर वायदे होंगे पूरे

उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल में माताओं एवं बहनों को 12000 रूपए राशि प्रदान करने की घोषणा की गई है तथा बजट में इसके लिए शासन द्वारा प्रावधान किया जा रहा है। मोदी की गारंटी योजना का विस्तार करते हुए गांव-गांव में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए अभियान चलाया गया है। वादे को पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए स्वीकृति दी गई है।

### स्वास्थ्य परीक्षण के साथ दवाइयां वितरित

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में नागरिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया और निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस दौरान नागरिकों ने बीपी, शुगर, ब्लड प्रेशर, खून, सिकल सेल, टीबी की जांच कराई। जनसामान्य ने आयुष्मान कार्ड बनाने एवं आधार कार्ड अपडेशन में विशेष रूझान दिखाया। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों ने अपने मन की बातें और अनुभव साझा किए। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की मोहक प्रस्तुति दी गई तथा नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से शासन की योजनाओं के बारे में बताया गया।

### लंबी प्रतीक्षा के बाद यह सुखद अवसर आया : चौधरी

**राजनांदगांव।** भाजपा नेता एवं मिथिलाधाम मंदिर के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में कई दशक तक श्री रामलला टेंट में विराजमान रहे सैकड़ों साल की प्रतिक्षा के बाद यह सुखद अवसर आया है कि भव्य राम मंदिर में श्री राम लला चारों भाइयों के साथ 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में विराजमान हो रहे हैं। ऐसे पुण्य अवसर पर निमंत्रण मिलने के बावजूद कांग्रेस पार्टी के नेता इस शुभ अवसर पर पर शामिल होने का प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। कांग्रेस पार्टी की बुद्धि विद्या और विवेक सभी मर चुका है तभी तो भारतीय सनातनियों के इष्ट देवता श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम शामिल नहीं हो रहे हैं।

### एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे से दपू मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जितेन्द्र काथरानी द्वारा गत रात्रि उनके सिविल लाइन राजनांदगांव स्थित कार्यालय में मुलाकात कर पुरी-गांधीधाम और पुरी-अजमेर सुपर फॉस्ट द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस के राजनांदगांव में ठहराव के लिए रेल मंत्रालय में उचित पहल का अनुरोध किया गया।

ट्रेनों के स्टॉपेज से धार्मिक आस्था से संबद्ध उपरोक्त शहरों के लिए जिलेवासियों को रेलसुविधा का लाभ मिलेगा। अन्य रेल सुविधाओं की मांग सहित उक्त आशय से सबंधित एक ज्ञापन उन्हें सौंपा गया।

# पति-पत्नी ने पी शराब, मामूली विवाद में पत्नी की हत्या

- बाजार से वापस लौटते वक्त हुआ था विवाद, पीट-पीटकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



मानपुर के कोहका साप्ताहिक बाजार कर घर लौट रहे पति-पत्नी का मामूली विवाद खूनी रंजिश में तब्दील हो गया। मदनवाड़ा थाना अंतर्गत बीते 8 जनवरी को चावरगांव निवासी दंपति शराब के नशे में बाजार से घर पहुंचने से पहले आपस में ही लड़ पड़े आक्रोशित पति ने पत्नी को पीट-पीट कर मार डाला। पोस्टमार्टम पश्चात गहन तफ्तीश कर मदनवाड़ा थाना प्रभारी सतीश साहू ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

उल्लेखनीय है कि मृतिका का भाई प्रार्थी राजेन्द्र कुमेटी पिता चैतुराम कुमेटी ग्राम चावरगांव थाना मदनवाड़ा द्वारा 9 जनवरी को थाने में सूचना दिया कि उसकी बहन रासो बाई गोटा जाति लोहार पति बीरुराम गोटा उम्र 33 वर्ष जो चावरगांव मे ही परिवार सहित रहती थी वह अपने घर में मृत अवस्था में जमीन में रक्त रंजिश हालत में पड़ी हुई है। सूचना पर मदनवाड़ा के थाना प्रभारी सतीश साहू टीम ने तत्काल मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया। मृतिका के शव का पंचनामा तहसीलदार मानपुर के द्वारा कराया गया मृतिका रासोबाई गोटा के पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर मृतिका की मृत्यु का कारण सिर में आये गंभीर चोट से हत्या प्रमाणित होने के पश्चात मामला हत्या में तब्दील हो गया। जांच में परिजनों के पूछताछ में मृतिका के पति बीरुराम लोहार के उपर संदेह के आधार पर मृतिका के पति बीरुराम लोहार पिता सन्नूराम लोहार उम्र 40 वर्ष निवासी चावरगांव थाना मदनवाड़ा से कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने खुलासा किया कि 8 जनवरी को पत्नी रासो बाई के साथ साइकिल में कोहका बाजार पहुंचे दोनों पति पत्नि दैनिक जीवन का सामग्री खरीदते हुए वापसी के समय महुआ शराब पी। बाजार से वापस घर सायकल से आते समय मृतिका द्वारा बार-बार पानी पीने की बात पर विवाद होने से मृतिका के साथ ग्राम बेलगाम के पास पति ने हाथ-मुक्का व लकड़ी डंडे से सिर मस्तक में गंभीर वार किया। घातक वार से रासो बाई गोटा घटनास्थल पर ही अचेत अवस्था में पहुंच गई। जिसे जैसे तैसे दूसरे गांव के सरहद में लाकर आरोपी घर पहुंचा। दूसरे दिन सुबह रासो बाई घर में मृत अवस्था में पड़ी मिली पूरे मामले में हत्या का एफआईआर दर्ज कर आरोपी बीरुराम को हिरासत में लेकर मदनवाड़ा थाना ने जेल भेजने की कार्रवाई की है।

### नशे ने कर दिया तबाह

आरोपी पति के विरुद्ध धारा 302 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के निशानदेही में अपराध में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा, सायकल, पहने हुए कपड़ा व टूटी हुई चूड़ी। सम्पूर्ण कार्यवाही में मदनवाडा उपनिरीक्षक सतीश साहू सहायक उप निरीक्षक रूपेंद्र साहू प्रधान आरक्षक पीकेस गजीर आरक्षक दीपक ठाकुर एवं डीआरजी टीम का विशेष योगदान रहा।

### बेटे के साथ ले गया अधमरी पत्नी को

घातक वार के बाद बीरूराम लोहार घटनास्थल बेलगाम से जैसे तैसे घायल पत्नी को रानवाही सरहद तक ले आया वहां से घर पहुंचा 10 साल के बेटे को लेकर फिर वह वापस घटनास्थल पहुंचा। अंधेरी रात मे बेटे के साथ साइकिल में अधमरी पत्नी को 5 से 6 किलोमीटर का जंगल रास्ता तय कर वह अपने घर ले गया जहां सुबह वह मृत मिली।

## अभिनंदन...



राजनांदगांव। प्रतिष्ठित परिवार की लाडली ब्राम्हणपारा निवासी कुमुक्षु प्रणिधि पारख संयम पथ की ओर बढ़ रही है। जिसके तहत आज शहर में बरघोड़ा निकला। इस दौरान दीक्षार्थी का अभिनंदन भी किया गया।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर 12 जनवरी को प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के पश्चात स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया।

शाला की प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रभावी उद्बोधन दिया गया। जिसमें कक्षा 11वीं की छात्रा अदिति गांधी एवं भावेश राजपूत द्वारा ओजस्वी भाषण दिया गया। प्रथम विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी जी द्वारा दिए गए अमेरिका वासियों को प्रभावी उद्बोधन की शब्दशः व्याख्या विद्यार्थियों द्वारा की गई, जिसकी सराहना सभी ने की। स्वामी जी की वेशभूषा को धारण किए हुए विद्यार्थी शोभायमान प्रतीत हो रहे थे।

इस अवसर पर शाला की प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर द्वारा बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा गया कि स्वामी जी का संपूर्ण व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणा है। उनका यह प्रेरणादायक वाक्य- 'उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो सके' इस ध्येय वाक्य को आदर्श बनाकर आप निश्चित रूप से अपने उद्देश्य में सफल हो सकते है। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, शाला की प्राचार्य वत्सला अय्यर, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा ने दी।

# शराब कोचियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने दो आरोपियों से 7 लीटर महुआ शराब एवं 30 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पाण्डे एवं एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्ग दर्शन में अवैध शराब बिक्री पर पूर्णत प्रतिबंध लगाने अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 13जनवरी को मुखबिर से सूचना मिला ग्राम बाईकटोरी में किशन वर्मा अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है। प्रभारी छुईखदान निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में पुलिस टीम बनाकर ग्राम बाईकटोरी में शराब रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपी किशन वर्मा पिता भुखन वर्मा उम्र 48 वर्ष निवासी बाईकटोरी थाना छुईखदान को अवैध शराब बिक्री करने हेतु महुआ शराब रखे पकड़ा गया जिससे 7 लीटर महुआ शराब कीमती 1050 रू को जप्त



किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना छुईखदान में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

### 30 पौवा प्लेन शराब बरामद

इसी प्रकार दूसरे मामले मे छुईखदान एवं सायबर टीम के द्वारा मुखबीर की सूचना पर छुईखदान डेली नीड्स दुकान के पीछे में आरोपी विदेश चंद्राकर पिता राजेश चंद्राकर उम्र 29 साल निवासी छुईखदान को अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी विदेश चंद्राकर से कुल 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2400 रुपये को जप्त कर कार्यवाही की गई।




# गुरु गोविंद सिंह जयंती पर नगर कीर्तन व शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धर्म और सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध खालसा पंथ के सृजनहार सरबंशदानी गुरु गोविंद सिंह जी का आगमन पर्व सम्पूर्ण सिख जगत द्वारा बुधवार 17 जनवरी को अपार हर्ष एवम उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजनादगांव गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा भी समाज तथा अपनी सहयोगी संस्थाओं द्वारा विगत कई दिनों से विविध आयोजन लगातार जारी है।

सोमवार 15 जनवरी को गुरुद्वारा साहिब से दोपहर 2.30 बजे श्री गुरुग्रथ साहिब की भव्य शोभा यात्रा तथा विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। पंज प्यारों की अगुवाई में अरदास उपरांत शोभा यात्रा गुरूघर से आरंभ होगी। शोभा यात्रा हेतु विशाल वाहन को स्वर्ण मंदिर दरबार साहिब अमृतसर जैसा निर्मित कर विशेष रूप से पुष्प मालाओं तथा गुरबाणी उपदेशों द्वारा सुसज्जित किया गया है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. सुरजीत सिंह भाटिया तथा सचिव स. यशपाल सिंह भाटिया ने समूह संगत भाइयों बहनों से निवेदन किया है कि नगर कीर्तन तथा आगमन पर्व के सभी आयोजनों में उपस्थित होकर ,सहयोग कर गुरुघर की खुशियां प्राप्त करे।

### गतका टीम रहेगी आकर्षण का केंद्र

बच्चो के कीर्तनी जत्थे ,पुष्प वर्षा करती तोप गाड़ी ,विशाल नगाड़ा तथा कोरबा की गतका टीम नगर कीर्तन का मुख्य आकर्षण रहेंगे। नगर कीर्तन मानव मन्दिर चौक , सिनेमा लाइन , गंज लाइन ,पुराना बस स्टैंड , जी.ई रोड ,भगत सिंह चौक से गुरुनानक चौक होती रात 7 बजे वापिस गुरुद्वारा पहुंचेगी। जहां 1 घंटे के लिए निर्मल सिंह नागपुरी रागी जत्थे का शबद कीर्तन आयोजित है। तत्पश्चात अरदास ,सुखासन तथा गुरु का लंगर वितरित होगा।



### दो माह से निकल रही प्रभातफेरी


गत 2 माह से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ तथा 21 दिनों से प्रातः प्रभात फेरियो की श्रृंखला जारी है। बच्चो का क्विज तथा कविता पाठ , सिंह साहेब ज्ञानी मान सिंह अमृतसर का कथा विचार , सफर- ए-शहादत रैली एवम विचार गोष्ठी ,ड्राइंग कंपीटीशन तथा रक्तदान शिविर आदि विविध आयोजन किए गए।

### रौशनी से जगमगाया गुरूद्वारा

दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंहजी के प्रकाश पर्व हेतु गुरूद्वारा साहिब को विशेष विद्युत झालरों तथा पूरे रास्ते को स्वागत द्वारों से विशेष रूप से सजाया गया है। साहिब-ए-कमाल के आगमन पर्व हेतु अमृतसर के हजूरी रागी जत्थे भाई निर्मल सिंह नागपुरी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है जो 15 जनवरी से 17 जनवरी को सुबह तथा रात के दीवान में भक्तिमय शबद कीर्तन द्वारा संगत को भाव विभोर करेंगे। इसके साथ ही हजूरी रागी जत्था भाई सुखमनदीप सिंघ तथा ग्रंथिजी ज्ञानी सतपाल सिंह जी भी लगातार शबद कीर्तन द्वारा संगत को भक्ति भावना से जोड़ कर प्रेरित करेंगे।



## खबर संक्षेप



### नवघटा स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया

**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नवघटा में स्वामी विवेकानंद के जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य एमएल देवांगन, उपप्राचार्या श्रीमती वैदे, टीपी वर्मा, पीएल ठाकुर, बीआर साहू, जेके मेश्राम, एचके हिरवानी, श्रीमती ईरशाद बेगम खान, श्रीमती दिलेश्वरी पाटिल, आझी पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, बीआर निर्मलकर, रामावतार साहू एवं शाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। जिस पर संस्था प्राचार्य व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विवेकानंद के जीवन पर अपने-अपने विचार व्यक्त किया। प्राचार्य ने कहा कि विवेकानंद के कार्यो का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया साथ ही साथ हमे छात्र जीवन से ही सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए।

### प्रधानमंत्री जिले के बैगा जनजाति लाभर्थियों से वर्चुअल जुड़ेगे

# पीएम जनमन योजना अंतर्गत बोड़ला में आज लगेगा मेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रधानमंत्री जन मन योजना अंतर्गत जिले के पीवीटीजी बसाहट ग्रामों में निवासरत लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने 15 जनवरी को विकासखंड मुख्यालय बोड़ला के हायर सेकेण्डरी स्कूल में मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले में निवासरत बैगा जनजाति लाभर्थियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल जुड़ेगे। कलेक्टर ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री जनमन योजना के शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की गहन समीक्षा की।

उन्होने बताया कि 15 जनवरी को बोड़ला के हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रधानमंत्रीं जनमन योजना के तहत मेगा शिविर का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन में प्रधानमंत्री वर्चुअल जुड़ेगे, साथ ही साथ उप मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया। उन्होंने इस योजना की तैयारियों की शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए है। बैठक में बताया गया है कि विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा ग्राम पंचायत और उनके आश्रित गांवों तथा पारा.टोले में बुनियादी सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना का प्रांरभ किया गया। जिले के इन दोनों विकासखण्ड के 256 विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल ग्रामों को शामिल किया गया है। जिसमें बोड़ला विकासखण्ड के 179 ग्राम और पंडरिया विकासखण्ड के 77 ग्राम शामिल है।



**कलेक्टर ने आयोजित मेगा शिविर स्थल का किया अवलोकन**

कलेक्टर ने बोडला में आयोजित होने वाले मेगा शिविर के लिए स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राहियों का पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जनधन खाता सहित विभिन्न योजनाओं के लिए अलग-अलग स्टॉल बनाने, मंच, पेयजल, टेंट, स्वास्थ्य सुविधा, पार्किंग, स्वल्पाहार सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# पीएचडी शोध निर्देशक बने डॉ. राकेश चंदेल

- तीन विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि जिसमें से प्राचीन भारतीय इतिहास एवं आधुनिक इतिहास में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकें है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सहायक व्याख्यता विषय इतिहास के पद पर पदस्थ डॉ राकेश चंदेल को हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा शोध उपाधि समिति की बैठक में शोध निर्देशक मान्य किया है, मिली जानकारी के अनुसार डॉ राकेश चंदेल लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में चौथी रैंक प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित कर चुके हैं। उनके द्वारा तीन विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि जिसमें से प्राचीन भारतीय इतिहास एवं आधुनिक इतिहास में स्वर्ण पदक प्राप्त हैं, वहीं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से पीएचडी, पं रविशंकर विश्वविद्यालय से एमफिल नेट एवं सेट की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं, इसके पूर्व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महराजपुर में व्याख्याता के रूप में प्रतिनियुक्ति हुए थें।

जिसमे जिले के शिक्षको को प्रशिक्षण देने का दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं, डॉ श्री चंदेल द्वारा लिखित तीन पुस्तके भी प्रकाशित है, जिसमें छत्तीसगढ़ का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास, महादेव गोविंद रानाडे का सामाजिक दर्शन तथा जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लालमणि तिवारी की जीवनी लेखन प्रकाशित है, इसके अलावा आकाशवाणी से वार्ताएं प्रसारित, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार में सहभागिता तथा अनेक रिसर्च जनरल प्रकाशित हो चुके हैं।

उनके इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस चौहान सहित प्राध्यापकगण, मित्र एवं विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पेण्ड्रीकला में विशेष मतदाता पुनरीक्षण शिविर आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पेण्ड्रीकला में विशेष शिविर में मतदाता सूची का कार्य किया गया, जिसमें सभी 18 वर्ष पूर्ण कर चुके आम नागरिकों का नाम जोड़ना, विलोपन, सुधार का कार्य किया जा रहा है। वहीं लोग मतदान केन्द्र में जाकर अपना नाम जोड़वा सकते है। यह विशेष मतदाता पुनरीक्षण शिविर 6 जनवरी से 22 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में बीएलओ एवं अभिहित अधिकारी से संपर्क कर नाम जुड़वा सकते हैं। जिसमें अभिहित अधिकारी बैजनाथ चंद्राकर, बीएलओ श्रीमती बिन्दा बंजारे मतदान केन्द्र में कार्य करेंगे।

# रवेली में रसायन विज्ञान सेमिनार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहीद नरेंद्र शर्मा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय रवेली में प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ मनमोहन लाल सतनामी एमफिल, सीएस आईआर नेट क्वालीफाई, पीएचडी, टीडब्लूएएस, सीएनपीक्यू ब्राजील से शिक्षा प्राप्तकर देश-विदेश मे सेवा देकर अपने प्रतिभा से कई मैडल प्राप्त किया है। वर्तमान सहायक प्राध्यापक पं रवि शंकर शुक्ल विश्व विद्यालय रायपुर मे सेवारत है जो अपने सहयोगी रिसर्चर स्कालर पीएचडी रसायन अध्यनरत, अनुसंधान छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता जिसमें पिंकी मिरी, अंकिता बीना कुजर, योग्यता चावरे, आकाश सिन्हा, राजीव नयन साहू के साथ रवेली स्कूल आकर रसायन विज्ञान के संदर्भ मे अभूतपूर्व जानकारी निःशुल्क विज्ञान समूह के विद्यार्थियो को दिया, जिसमे मुख्य रूप से रासायनिक साम्यावस्था, कोबाल्ट क्लोराइड कथा, इनफ्लेटिंग बलून, इनविजिबल इंक, ऑक्सी फ्यूल वेल्डिंग, कंब्यूशन ऑफ हाइड्रोजन इनके अतिरिक्त और कई प्रयोग उनके टीम ने विद्यार्थियो के समक्ष प्रस्तुत किए जो की अत्यंत ही सराहनीय, शिक्षा प्रद प्रयोग प्रदर्शन था।

उन्होने विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी लैब विजीट करने तथा भविष्य मे कैरियर मार्गदर्शक की भूमिका निभाने की भी बात कहा और कई प्रेरणादायक कहानी के माध्यम बताया की प्रतिभा किसी का गुलाम नही होता केवल उसे बाहर निकालने के लिए अपनी इच्छाशक्ति दिखना और कठिन परिश्रम करना है। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं वंदनाकर तद्पश्चात छात्रा साक्षी व मुस्कान द्वारा स्वागत गीत, प्राची द्वारा स्वागत भाषण किया गया, कार्यक्रम के पदाधिकारियों को स्कूल की ओर से स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल व पेन भेट किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के प्राचार्य कुमार सिंह साहू, प्रयोगशाला प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक व्याख्याता महेंद्र कुमार श्रीवास, जितेन्द्र कुमार राजपूत, उत्तम कुमार साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र कुमार श्रीवास द्वारा किया गया।

# राम्हेपुर के विद्यार्थियों ने भोरमदेव शक्कर कारखाना का किया शैक्षणिक भ्रमण



- विद्यार्थियों नें कारखाना देखकर प्रफुल्लित नजर आए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शनिवार को बैग लेस डे के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला के विद्यार्थियों को गो-स्टॉप एवं झपट रुमाल खेल गतिविधि कराने के बाद भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण में 71 छात्र-छात्राएं शामिल थें।

विद्यार्थियों द्वारा कतारबद्ध एवं अनुशासित रूप से शक्कर कारखाना में प्रवेश किया गया, कारखाना में शक्कर बनाने की विधि एवं बनाने वाले सभी छोटे-बड़े पुर्जे एवं मशीन को देखकर प्रसन्न हुए। साथ ही साथ शक्कर बनकर बोरी में पैकिंग होना, गन्ने की पेराई फिर आगे चलकर गन्ने का रस, गन्ने के रस से गुड वहीं शक्कर तैयार किस प्रकार होता है उसे विद्यार्थियों द्वारा अपने आंखों से देखकर प्रफुल्लित नजर आए। कारखाना से उत्पादित शक्कर बोरी में पैकिंग होकर लिफ्ट द्वारा गोदाम में जाकर व्यवस्थित रूप से शक्कर की बोरियों को देखकर छात्र-छात्राएं आश्चर्यचकित रह गए।

गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की तौलाई होना व मशीन के पंजों द्वारा जल्दी से खाली करना ये सब देखकर खुश नजर आए। इस अवसर पर शाला प्राचार्य एमआर कोमरे, शिक्षक-शिक्षिकाएं जिसमें राजकुमार साहू, नीलम वर्मा, प्रतिमा झा एवं सरिता बखला सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## व्यापारी संघ पंडरिया के नव-निर्वाचित अध्यक्ष बने : विजय जायसवाल



**हरिभूमि पंडरिया।** रविवार को नगर पंचायत पंडरिया में व्यापारी संघ की आवश्यक बैठक पूर्व अध्यक्ष संतोष जैन एवं कार्यकारिणी के कार्यकाल समाप्ति पश्चात नए अध्यक्ष कार्यकारिणी गठन को लेकर आहूत किया गया। जिसमें पूर्व अध्यक्ष संतोष जैन द्वारा अपने कार्यकाल की समाप्ति पर सभी व्यापारियों को सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता द्वारा आय-व्यय की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई, जिस पर पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी ने अपना कार्यकाल पूर्व होने के बाद पुनः नए अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी गठन के लिए सभी व्यापारियों से अपील की गई। जिसमें पूर्व अध्यक्ष गुरुनाम सिंह एवं पूर्व अध्यक्ष हरीश जैन द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष के चयन के लिए अपील की गई, जिस पर विचार करते हुए सभी व्यापारियों ने एकमत से विजय जायसवाल के नाम पर अध्यक्ष पद चयन हेतु प्रस्ताव रखा गया, जिसमें गोलू ठाकुर, दिनेश गुप्ता एवं नंदकिशोर यादव द्वारा समर्थन किया गया, जिसके बाद सभी व्यापारियों ने एक स्वर से अध्यक्ष बनाने हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन पारित किया गया। अध्यक्ष को अपनी कार्यकारिणी टीम गठन करने का अधिकार दिया गया। साथ ही साथ नए अध्यक्ष विजय जायसवाल को पूर्व अध्यक्ष गुरुनाम सिंह, हरीश जैन, संतोष जैन द्वारा फूल-माला व तिलक लगाकर स्वागत कर नए कार्यकाल में सहयोग से साथ बधाई दी। व्यापारी संघ की परम्परा रही है की प्रत्येक कार्यकाल के बाद एकता का प्रदर्शन करते हुए सर्वसम्मति से अध्यक्ष का चयन किया जाता है, जिसकी क्षेत्र में संघ की एकता कि मिशाल दी जाती है।

# पंडरिया भाजपा मंडल नें चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक साहू के मार्गदर्शन में पंडरिया मंडल द्वारा रविवार को गोपी बंद सरोवर एवं भगवान शिव मंदिर परिसर, शनिदेव मंदिर, गणेश मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत रविवार को स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष गजपाल साहू, वीरेंद्र शर्मा, कल्याण सिंह, नवल किशोर पांडेय, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, चंद्रकुमार सोनी, विशाल शर्मा, भास्कर देवांगन, लाल यादव, अनुराग सिंह, नरोत्तम साहू, पवन कुंभकार, अनिल ठाकुर, नंदकिशोर हलवाई, अमन पाठक, गोलू ठाकुर, दाऊ गुप्ता, हरि साहू, प्रशांत सिंह ठाकुर, शिवसहाय देवांगन, शेरा धावलकर, संतोष यादव, रवीश सिंह, पदमाराज टंडन एवं नगर पालिका कमांडो दस्ता का सहयोग सराहनीय रहा।

## हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति की विविध कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के संस्थापक व संयोजक राजेन्द्र पटेल एवं बलबीर विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष नरेश चंद्रसेन के नेतृत्व में वर्षों से स्कूल और महाविद्यालय में अपना तन, मन, धन-अर्पित करके अपनी निःस्वार्थ भाव से जन-कल्याण के लिए अपना योगदान दे रहें हैं, इस समिति द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को पेंटिग, चित्रकला, स्वच्छता सम्बन्धित मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश देते हैं। जिससे अपने आप में तथा साथ-साथ गांव से लेकर अपने देश तक संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं और अमल करें और सभी विद्यार्थीयों के लिए स्वच्छता का प्रतियोगिता रखा गया, सभी विद्यार्थीयों ने अपना-अपना योगदान दिया, जिस विद्यार्थियों का लेखन देशहित और समाज हित में सबसे ज्यादा था, उसको पेन से सम्मानित किया गया। यह हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम अपने गांव व राज्य से लेकर दूसरे राज्य में सेवा दे रहें हैं।

### सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में भानपुर स्कूल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

संकुल कोयलारी-मरका में दो दिवसीय जोन स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें माध्यमिक विभाग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमकि शाला भानपूर के छात्राओं ने शानदार प्रस्तुती के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिससे विद्यालय परिवार ने बधाई दी।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय वैदिक वचाट)
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

### सतनामी समाज के ख्याति प्राप्त महिलाएं के आतिथ्य में हुआ

# जिले में युवा-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



सतनामी समाज ने रविवार को समाज के बीच में मिसाल पेश करते हुए नई परंपरा प्रारंभ किया, जिसमें सतनामी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त महिलाओं के आतिथ्य में युवा-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में युवा-युवती जो विवाह योग्य है जिन्होंने भाग लिया और अपने लिए वर एवं वधू पसंद किए हैं। जिसमें सैकड़ों युवा-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए और 68 युवा-युवती पंजीयन कराए किंतु कुछ युवा-युवती अपनी पंजीयन करने से रह गए पर उनके परिचय कार्यक्रम में अवश्य कराई गई। आयोजक दल के प्रमुख विजय धृतलहरे ने बताया सतनामी समाज द्वारा यह कार्यक्रम लंबे अंतराल के बाद कराया गया, जिसमें समाज एक नई परंपरा की शुरुआत किया है, क्योंकि अब तक कोई भी आयोजन में पुरुष प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान होते रहे हैं किंतु सतनामी समाज के युवा-युवती परिचय सम्मेलन में इस बार महिलाओं को महत्वपूर्ण स्थान देते हुए मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान समाज द्वारा कराया गया। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जनपद पंचायत पंडरिया अध्यक्ष समुंद कुर्रे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनन्त, स्त्री रोग विशेषज्ञ डां प्रेमलता जांगड़े, श्रीमती नरायणी टोडंर, श्रीमती सोनम बंजारे, श्रीमती ऊर्मिला बंजारे, श्रीमती रुपलता कुर्रे, श्रीमती पुष्पा बंजारे व महिलाएं उपस्थित थें। सीमा अनन्त ने कहां कि युवा-युवती परिचय सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपने जीवन साथी चुनने के लिए नौकरी वाले वर-वधू तक सीमित नहीं रहें, क्योंकि समाज में नौकरी करने वाले कम है इसलिए अपने जीवन साथी चुनने में संक्षमता अवश्य देखें, वही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट ने कहा कि युवा-युवती परिचय सम्मेलन समाज के खर्चे को रोकती है और वर वधू चुनने में सहयोग करती है समाज में इस तरह का आयोजन करते रहना चाहिए। इस युवा-युवती सम्मेलन में छात्राओं द्वारा पंथी नृत्य की शानदार प्रस्तुत व कविता पाठ गान छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से विवाह योग्य युवा-युवतियो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा ली। कार्यक्रम के आयोजक विजय धृतलहरे ने सभी का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी इस दौरान भारी संख्या में समाज के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: मो. 9406004581
बिलासपुर: मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नसों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नसों में दबाव, शून्यपन, सायटिका, दोनो पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### जिले के मंदिरों में चल रहा है स्वच्छता अभियान

**कवर्धा।** 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व कबीरधाम जिले के सभी ग्रामों के मंदिरों की साफ सफाई ग्रामवासी के सहयोग से की जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड सहसपुर लोहारा के समस्त ग्रामों जैसे भगवताटोला, नरोधी, धरमगढ़, बिसाटोला, रणवीरपुर, नवागांव सहित सभी ग्रामों के 200 छोटे मंदिर एवं बड़े मंदिरों की सफाई ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। साथ ही विकासखंड बोड़ला, कवर्धा एवं पंडरिया के लगभग 300 छोटे एवं बड़े मंदिरों की सफाई आज ग्रामवासियों एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की टीम के द्वारा किया गया है।

### कवर्धा स्कूल में ओपन की संपर्क कक्षा प्राम्भ

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा निर्देशित हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल की सभी विषयो की पढ़ाई के लिए सम्पर्क कक्षा निर्धारित समय सारणी क्े अनुसार अध्ययन केन्द्र स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय सिग्नल चौक कवर्धा में प्राम्भ हैं। ओपन के परीक्षार्थी लिए गए विषयो की पढ़ाई के लिए विद्यालय में लगे समय सारणी क्े अनुसार उपस्थित होकर अपने-अपने विषयो की पढ़ाई कर सकते है।

**आगमन:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी को किया जा रहा पूरा: उपमुख्यमंत्री

# उपमुख्यमंत्री ने ग्राम खड़ौदाखुर्द व रबेली में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 14 जनवरी को कवर्धा के विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एक दिवसीय प्रवास पर कवर्धा विकासखंड के ग्राम खड़ौदा खुर्द और रबेली पहुंचे।

जहां ग्रामवासियों ने पटाखे फोड़कर, तिलक लगाकर तथा पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा आज अपने प्रवास के दौरान ग्राम खड़ौदा के बाजार चौक में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों, युवाओं और महिलाओं से बातचीत कर हालचाल जाना। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों की मांग पर मदनपुर स्कूल और खड़ौदा स्कूल में विद्यार्थियों के लिए पेयजल व्यवस्था को विशेष ध्यान में रखते हुए हैण्डपम्प खनन और खड़ौदा में बिजली लाइन विस्तार के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम रवेली में यज्ञ स्थल में मंच के लिए 2 लाख, शनिदेव प्रागण के बाउंड्रीवाल के लिए 7 लाख, संस्कृति मंच के लिए 2 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने राज्य सरकार के काम काज और योजनाओ की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में 18 लाख परिवार को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृत दी।

उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान 3100 रूपए में खरीदी किया जा रहा है। राशनकार्ड धारी परिवारों को अगले 5 साल तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। इससे 67 लाख 92 हजार 153 परिवार लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) भर्ती मामले की सीबीआई जांच कराने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, कैलाश चंद्रवंशी, निर्मल द्विवेदी, ईश्वरी साहू, पार्षद रिंकेश वैष्णव, खिलेश्वर साहू, अमर कुर्रे, सनत साहू, रामकुमार ठाकुर, मयंक गुप्ता, हेमचंद चंद्रवंशी, सोनू ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी उपस्थित थे।



### प्रदेशवासियों को कराएंगे राम जन्मभूमि दर्शन

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जाएगी। छत्तसीगढ़ के निवासी राम जन्मभूमि की दर्शन कर सके इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राम लला दर्शन कराने के लिए अयोध्या ले जाने की घोषणा की है। इसके लिए शासन द्वारा राम लला दर्शन योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत साल में 20 हजार यात्रियों को अयोध्या ले जाया जाएगा। प्रथम चरण में 55 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी नागरिक दिपावली तरह अपने घरों में दीपक जलाकर रौशन करें। इसके साथ ही सभी मंदिरों और शासकीय भवनों में भी लाईट से रौशन किया जाएगा।



### मकर संक्रांति की दी बधाई व शुभकामनाएं

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं दी। मकर संक्रांति का दिन कवर्धा वासियों के लिए और खास तब हो गया जब उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आज कवर्धा पहुंचकर स्वयं बाजार में बुजुर्ग महिला से तिल और गुड़ के लड्डू खरीदकर लोगों में बांटे और मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा रविवार को कवर्धा प्रवास के दौरान जब बाजार में लड्डू बेचने वाली बुजुर्ग महिला के पास पहुंचे और कुशलक्षेम पूछा तब वह महिला इस आत्मीय व्यवहार से बड़ी प्रसन्न हुई। उप मुख्यमंत्री ने महिला से तिल और गुड़ के लड्डू खरीद कर उन्हे मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके बाद उन्होंने तिल और गुड़ के लड्डू बांटकर सभी को मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं दी।

# शिक्षक दंपत्ति के घर चोरी के आरोपी गिरफ्तार

- चार माह बाद पाण्डातराई पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

करीब चार माह पूर्व नगर पंचायत पाण्डातराई के वार्ड क्रमांक 4 में निवासरत शिक्षक दम्पत्ति के सूने मकान में दिनदहाड़े दबिस देकर लाखों रूपए के जेबर व नगदी रकम पार करने वाले दो आरोपियों को पाण्डातराई पुलिस ने लंबी पड़ताल के बाद अंततः दबोच लिया है। जिसमें एक बाल चोर भी शामिल है।



पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 194/2023 धारा 454, 380, 411,34 भादवि के तहत कार्यवाही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामकिशोर साहू पिता स्व विश्राम साहू आयु 54 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 04 मडमडा रोड पाण्डातराई थाना पाण्डातराई ने गत 4 नवम्बर 2023 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 04 नवम्बर 2023 के 11.00 बजे से 04.20 बजे के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति इसके रिहायशी मकान के चैनल गेट एवं दरवाजा में लगे ताला को तोड़कर अंदर प्रवेश कर बेड-रूम के अंदर रखे आलमारी के लाक को तोड़कर आलमारी के अंदर रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम 5000 रूपए एवं दो नग एसबीआई बैंक का एटीएम कार्ड, दो नग पैन कार्ड एवं चार नग आयुष्मान कार्ड को चोरी कर ले गए है। प्रार्थी की इस जानकारी पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध कमांक 194/2023 धारा 454,380 भादवि पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया था। आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन पर थाना-प्रभारी पाण्डातराई निरीक्षक जनमेजय पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में चोरी गए सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम व अज्ञात आरोपी का पता तलाश करने टीम गठित किया।

गठित टीम को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम पाण्डातराई मडमडा मार्ग में बने आवास में ग्राम चारभाठा निवासी अपचारी बालक एवं रामझुल चंद्रवंशी के द्वारा चोरी किए जाने की संभावना है। जिस पर पुलिस ने संदेही अपचारी बालक से प्रकरण में चोरी गए मशरूका के संबंध में पूछताछ करने दिनांक घटना को प्रार्थी आरके साहू मकान में सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम चोरी करना स्वीकार किया और चोरी गए मशरूका को अपने साथी रामझुल चंद्रवंशी पिता चिंताराम चंद्रवंशी निवासी चारभाठा-कला के साथ पाण्डातराई निवासी देवेन्द्र ऊर्फ वासु पटवा पिता बालाजी पटवा को बिक्री करना बताकर जुर्म करना स्वीकार किया।

वहीं आरोपी देवेन्द्र ऊर्फ वासु पटवा से पूछताछ करने पर चोरी के सोने चांदी के जेवर खरीदी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी देवेन्द्र ऊर्फ वासु पटवा से एक नग सोने का डल्ला वजनी 83 ग्राम कीमती 4,98,000 रूपए, 4 नग छोटी बडी चांदी का लडी वजनी 5 तोला 8 मासा कीमती 4,000 रूपये जुमला कीमती 5,02000 रूपए समक्ष गवाहान जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

प्रकरण में आरोपी देवेन्द्र ऊर्फ वासु के द्वारा चुराई हुई सम्पत्ति खरीदी करना पाये जाने से प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा 411, 34 भादवि जोडी गई। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# धान खरीदी केन्द्रों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के वनांचल सहित मैदानी ग्रामों में खरीफ विपणन वर्ष 23-24 के धान उपार्जन केन्द्रों का कलेक्टर ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र वार पंजीकृत किसानों, गिरदावरी के अनुसार धान का रकबा, धान बेच चुके किसानों और ऋण वसूली सहित धान के उठाव की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री महोबे ने कवर्धा, बोडला और पंडरिया विकासखण्ड के रेंगाखारखुर्द, तरेगांव जंगल, कोदवागोडान, सराईसेत सहित अन्य धान खरीदी केन्दों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए कहा कि किसी भी पंजीकृत किसानों को धान बेचने में कोई अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। धान के अवैध परिवहनों, धान के अवैध भण्डारण पर मॉनिटरिंग रखे और सतत रूप से जांच भी करें। कलेक्टर ने धान बेचने के आए किसानों के धान पंर्जी, उनके गिरदावरी रिपोर्ट का परीक्षण भी करे। किसानों के गिरदावरी रिर्पोट के आधार पर अब तक कुल कितने धान का विक्रय कर चुके है इसकी भी बारिकी से परीक्षण कराएं और अगर किसानों द्वारा उनके कुल उत्पादन का निर्धारित मात्रा के अनुसार खरीदी कर चुके है तो ऐसी स्थिति में शेष रकबा भी समर्पण कराए। कलेक्टर श्री महोबे ने तरेगांव जंगल के धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण करते हुए वहां के सभी पंजीकृत किसानों की जानकारी ली। धान के आवक के आधार पर धान का उठाव पर विशेष जोर देने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्दों का निरीक्षण करते हुए कहा कि धान खरीदी के शेष दिनों में सतर्कता के साथ पात्र किसानों के धान खरीदी, धान का उठाव और धान खरीदी केन्द्र में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

# पूर्व सीएम डॉ.रमन सिहं के परिजनों को ठाठापुर के ग्रामीणों ने दिया न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭स.लोहारा



जिले के ग्राम ठाठापुर के ग्रामीणों ने 14 जनवरी को रायपुर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती विणा सिंह एवं राजनादगांव लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से सौजन्य भेंट मुलाकात कर 22 जनवरी को राम मंदिर प्रांगण रामपुर ठाठापुर में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए गांव पधारने के लिए श्रीफल भेंट करते हुए न्यौता दिया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती कौशिल्या नेताम व पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष सुदेश सिंह, उपसरपंच मुरारी साहू, रुपेन्द्र धुर्वे, कुमार साहू, शिवबती धुर्वे, महेश्वरी साहू एवं समस्त पंच उपस्थित थे। ग्राम ठाठापुर के ग्रामीणों द्वारा दिए गए निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए श्रीमती वीणा सिंह एवं अभिषेक सिंह ने 22 जनवरी को अपने गृह आने की सहमति दी है, जिससे गांव से गए पदाधिकारी एवं समस्त ग्रामीणों में खुशी व्याप्त है।

# ट्रक से टकराई मोटर सायकल, एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭स.लोहारा



जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम उड़ियाखुर्द के पास रविवार की दोपहर एक मोटर सायकल के ट्रक से टकरा जाने से मोटर सायकल सवार ग्रामीण युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा युवक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश स.लोहारा पुलिस द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को ग्राम चिलमखोदरा निवासी भूपेन्द्र यादव आयु 23 वर्ष अपने रिश्तेदार लखन लाल यादव पिता संतराम आयु 29 वर्ष के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेएल 7526 में सवार होकर दोपहर करीब 11.00 ग्राम उड़िया खुर्द होते हुए वापस अपने गांव जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान ग्राम उड़िया खुर्द के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 07 एनए-9155 से उनकी भिडंत हो गई और गंभीर चोट आने के कारण मोटर सायकल सवार लखन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। बाद में घटना की जानकारी स.लोहारा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### डिप्टी सीएम ने मंदिर में की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान ग्राम खड़ौदा खुर्द में भगवान शिव और हनुमान मंदिर पहुंचकर श्रीफल और पुष्प अर्पित कर श्रृद्धा भक्ति के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा शिव-हनुमान में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, कैलाश चंद्रवंशी, निर्मल द्विवेदी, ईश्वरी साहू, पार्षद रिंकेश वैष्णव, खिलेश्वर साहू, अमर कुर्रे, सनत साहू, रामकुमार ठाकुर, मयंक गुप्ता, हेमचंद चंद्रवंशी, सोनू ठाकुर सहित जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने भी पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**अंचल के कई धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में दिखा मेला सा माहौल**

# मकर सक्रांति पर डुबकी लगाकर की गई सूर्य की अराधना



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सूर्य आराधना का पर्व मकर संक्रांति कवर्धा नगर सहित समूचे अंचल में पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। पर्व के मौके पर अंचल के कई धार्मिक व आस्था केन्द्रों में भव्य मेला का भी आयोजन किया गया।

जहां सुबह से लेकर देरशाम तक लोगों की गहमा-गहमी देखी गई। स्नान, दान, पुण्य के इस महापर्व पर लोगों ने सुबह से ही स्थानीय नदी, तालाब व अपने घरों में स्नान कर भगवान सूर्य की अराधना की और पुण्यलाभ प्राप्त किया। वहीं कुछ लोगों ने अपनी सुविधा अनुसार विभिन्न तीर्थ स्थलों सहित अमरकंटक, डोंगरिया, झिरना आदि स्थानों पर जाकर डुबकी लगाई और पुण्य लाभ अर्जित किया।

डोंगरिया, बज नर्मदा व झिरना में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ देखी गई। इन स्थानों पर दिन भर लोगों का आना जाना लगा रहा। जिसके चलते यहां दिन भर मेला सा माहौल बना रहा। मेला स्थल पर कई दुकानदारों द्वारा खिलौने, पूजन सामग्री, मिष्ठान सहित अन्य दुकाने सजा रखी थी। ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मेला आनंद लेते हुए जमकर खरीददारी भी की। पुरानी मान्यता के अनुसार सकरायत में तिल का विशेष महत्व होता है और लोग इस दिन तिल स्नान, तिल दान तथा तिल से बने पकवानों का सेवन करते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए सकरायत के मौके पर घरों में तिल के लड्डू बनाए गए। ग्रामीण अंचलों में भोक्का लड्डू का भी बड़ा महत्व है और ग्रामीण लोग ज्वांर की नई फसल के आटे से लड्डू बनाते हैं। बताया जाता है कि सकरायत के दिन से ही दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती है। वहीं इस पर्व के साथ ही मड़ई मेलों के आयोजन का दौर भी शुरू हो जाता है। कुल मिलाकर लोगों ने अपनी-अपनी भक्ति के साथ सकरायत के इस पर्व को धूमधाम से मनाया।

# मतदाता जागरुकता अंतर्गत गर्ल्स चैंपियन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कन्या महाविद्यालय में गर्ल्स चैंपियन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल ने किया। विदित हो कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल के द्वारा जन जागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के मध्य गर्ल्स चैंपियन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ अपनी बल्लेबाजी से करते हुए सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवम उन्हें खेल के कई गुर भी सिखाए। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ी एवम दर्शक छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। मैच की कमेंट्री लखन सिंह कंवर सहायक प्राध्यापक, कन्या महाविद्यालय ने किया। इस अवसर पर एपीसी अवधेश नंदन श्रीवास्तव, निकिता डड़सेना, सरिता साहू, भारती, सविता तिवारी, डालेश्वरी साहू, उत्तरा साहू आकाश राजपूत, मनीष एवम कुमुद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थें।